दैनिक जागरण 25/10/2025

जीएमएन कालेज में कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

जागरण संवाददाता • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी में प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता एवं कैप्टन डा. एसएस नैन के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य कालेज को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ साथ विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि स्वच्छता प्रकृति का आभूषण है और आम जन मानस की यह जिम्मेदारी है कि वे इसे संजोय रखें। स्वच्छता को समूचे देश में एक अभियान के रूप में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्थापित किया है जिससे देश का प्रत्येक नागरिक इसमें शामिल हुआ है। यह अभियान आज व्यापक स्तर पर समाज के कोने कोने में कार्य कर रहा है। इस अभियान में 50 एन सी सी कैडेट्स ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।